# राष्ट्रीय कृषि मुक्ति दिवस

## मण्डल – इलाहाबाद
## जनपद – इलाहाबाद

## भ्रमण का दिनांक – 10.08.17

### टीम के सदस्य

1. श्री सौरभ तिवारी, परामर्शदाता
2. मो0 फिरोज आलम, कार्यक्रम समन्वयक



श्री सौरभ तिवारी, तकनीकी सलाहकार, (आर0के0एस0के0) एवं मो0 फिरोज आलम, कार्यक्रम समन्वयक की टीम द्वारा इलाहाबाद मण्डल के जनपद इलाहाबाद का राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को दिनांक 10 अगस्त 2017 में भ्रमण किया गया। जनपद में अनुश्रवण के दौरान निम्न महत्वपूर्ण बिन्दु प्रकाश में आये। इनका इकाईवार विवरण निम्न है।

- **प्राथमिक विद्यालय बलकरनपुर, विकास खण्ड सोराँव, जनपद – इलाहाबाद**








- प्रा0वि0 बलकरनपुर में प्रभारी शिक्षिका श्रीमती शबाना एवं शिक्षिका श्रीमती मोनिका गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन अच्छी तरह किया जा रहा था। कृमि दिवस हेतु एक दिन पूर्व समस्त जनपद के प्रधानाचार्यो की बैठक इस उद्देश्य हेतु हुई थी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शाहिदा खातून अस्वस्थ्य होने के कारण उक्त बैठक में सम्मिलित नही हो सकी थी एवं विद्यालय मे पूर्व में उपस्थित नही थी किन्तु सूचना प्राप्त होने पर विद्यालय में उपस्थित हो गई। 28 फरवरी 2017 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया गया था एवं उक्त के कारण समस्त शिक्षिकाओं को कृति मुक्ति दिवस हेतु समस्त जानकारी पूर्व से थी।
- निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 105 बच्चे उपस्थित पाये गये एवं विद्यालय में कुल नामांकित बच्चों की संख्या 159 पायी गयी।
- भ्रमण दल के समक्ष समस्त बच्चों को दवाएं खिलाई गई एवं दवा खिलानें के पूर्व में दवा के लाभ से एवं तरीके से समस्त बच्चों को अवगत कराया गया।
- शिक्षिकाओं द्वारा भ्रमण दल से निवेदन किया गया कि मानसिक एवं शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों हेतु प्रमाण–पत्र एवं पहिये वाली कुर्सी आदि की सुविधा हेतु प्रकिया सुगम कराने की आवश्यकता है।
- कृमि मुक्ति दिवस के प्रपत्र शिक्षिकाओं के पास ही उपलब्ध थे। शिक्षिकाओं द्वारा जानकारी दी गई कि विद्यालय के बगल में बनी आंगनवाडी केन्द्र अधिकतर बंद रहने के कारण वो प्रपत्र जमा करने में असमर्थ है।







## ♦ आंगनवाडी केन्द्र बलकरनपुर – II, विकास खण्ड सोराँव, जनपद – इलाहाबाद



- प्रा0वि0 बलकरनपुर में प्रभारी शिक्षिका श्रीमती शबाना एवं शिक्षिका श्रीमती मोनिका गुप्ता द्वारा इस बात की पुष्टि की गई कि आंगनवाडी केन्द्र अधिकतर बंद रहता है। भ्रमण दल ने भी पाया की प्रातः 11:00 बजे आंगनवाडी केन्द्र बंद था। उक्त हेतु भ्रमण दल द्वारा आंगनवाडी केन्द्र में तैनात श्रीमती शोभा द्विवेद्वी, कार्यकत्री से दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क स्थापित किया गया किन्तु वो दूरभाष नम्बर उसके घर का पाया गया और वहां से जानकारी मिली कि वो आंगनवाड़ी में है।
- शिक्षिकाओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कारणवशं आंगनवाडी में बच्चों की संख्या भी बेहद कम हो गई है।
- भ्रमण दल द्वारा जनपद में तैनात श्री नितेश जयसवाल, आर0के0एस0के0 परामर्शदाता से उक्त कार्यकत्री के विरूद्व कार्यवाही करने को कहा गया।



## ♦ जूनियर प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर अकबर, विकास खण्ड होलागढ़, जनपद – इलाहाबाद




- प्रा0वि0 सुल्तानपुर अकबर में कक्षा 1 – 5 तक की प्रभारी शिक्षिका श्रीमती शकुन्तला पाल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की कोई जानकारी नही पायी गयी। उनको मात्र इतना ज्ञात था कि आज कृमि मुक्ति हेतु बच्चों को गोली खिलानी है। भ्रमण दल द्वारा जब उनसे पूछा गया कि

यदि किसी बच्चे को कोई दिक्कत होने की दशा में क्या करना होगा तो उसकी भी जानकारी का अभाव पाया गया।

- विद्यालय में कृमि मुक्ति दिवस हेतु एक भी आई.ई.सी सामग्री नही पायी गयी।
- जनपद में प्रशिक्षण दिया गया था किन्तु शिक्षिका महोदया के विलम्भ से पहुचने के कारण उनका प्रशिक्षण भी नही हुआ था। शिक्षिका का उक्त हेतु कोई भी रूचि नही लेते पाया गया ।
- आइरन की गोली का रंग तक शिक्षिका को नही ज्ञात था एवं ऐसा प्रतीत होता है कि उनके द्वारा बच्चों को आइरन की गोली नही दी जाती है। भ्रमण दल द्वारा उनको दवाओं के उपयोग एवं महत्ता से परिचित कराया गया एवं भ्रमण दल के साथ उपस्थित जनपद में तैनात आर0के0एस0के0 काउन्सलर से आई0ई0सी सामग्री जल्द उपलब्ध कराने को कहा गया।
- कितने बच्चों को दवा का सेवन कराया गया का अंकन उपस्थिती पंजीका में ही पैन्सिल से मार्क किया पाया गया। शिक्षिका द्वारा प्रपत्र न तो उपलब्ध था न हि उसकी कोई जानकारी थी।


◆ <u>सीनियर प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर अकबर, विकास खण्ड होलागढ़, जनपद – इलाहाबाद</u>

- प्रा0वि0 सुल्तानपुर अकबर में कक्षा 5 – 8 तक की प्रभारी शिक्षिका को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की जानकारी पायी गयी। समस्त शिक्षिकाओं द्वारा उक्त दिवस को सफल बनाने हेतु प्रयास किया जाता पाया गया।
- बच्चों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देते हुए दवा के लाभ की जानकारी दी जा रही थी एवं खाने का तरीका भी बताया जाता पाया गया। आयरन की गोली की जानकारी भी समस्त बच्चों की थी एवं आयरन की गोली के लाभ से भी बच्चे परिचीत पाये गये।
- शिक्षिकाओं द्वारा प्रपत्र भी भरा पाया गया कि कितने बच्चों ने दवा का सेवन किया है।



◆ <u>आंगनवाडी केन्द्र सुल्तानपुर अकबर, विकास खण्ड होलागढ़, जनपद – इलाहाबाद</u>

- आंगनवाडी केन्द्र में कृमि मुक्ति दिवस से सम्बन्धित कोई भी आई0ई0सी0 सामग्री नही पायी गयी। यद्यपि ए0एन0एम0 आंगनवाडी में उपस्थित थी एवं उनके द्वारा शिशुओं को दवायें खिला दी गई थी।
- ए0एन0एम0 द्वारा प्रपत्र की जानकारी नही पायी गयी जबकि उपस्थित समस्त ए0एन0एम0 को एक दिन पूर्व ही प्रशिक्षण दिया गया था।
- ए0एन0एम0 एवं कार्यकत्री को विषम परिस्थिती में अग्रेतर कार्यवाही की जानकारी का अभाव पाया गाय।
- अन्य अभिलेख उनके द्वारा भरे हुये पाये गयें।




## ♦ राजकीय जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, जनपद – इलाहाबाद




- राजकीय जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में 280 छात्रायें पंजीकृत थी जबकि 10 अगस्त 2017 को उपस्थित पायी गयी।
- राजकीय जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में समस्त शिक्षिकाओं को कृमि मुक्ति दिवस की समस्त जानकारी प्राप्त पायी गयी। विद्यालय में एक स्टाफ नर्स भी उपस्थित पायी गयी। वार्डन द्वारा प्रथम समस्त छात्राओं को दिवस के उद्देश्य से परिचित कराया गया।
- भ्रमण दल द्वारा पूछने पर समस्त शिक्षिकाओं को जानकारी युक्त पाया गया। शिक्षिकाओं द्वारा प्रपत्र भी भरा हुआ पाया गया।
- विद्यालय में आई.ई.सी. पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाई गई। शिक्षिकाओं से भ्रमण दल की हुई वार्ता के क्रम में जानकारी प्राप्त हुई कि विद्यालय में मात्र बिमार छात्राओं या आकस्मिक अवस्था में छात्राओं को चिकित्सालय पहुचाने हेतु साधन नही है क्योकि 108 एम्बुलेंस वहां नही आती। भ्रमण दल द्वारा जिला कार्यक्रम प्रबंधक को उक्त हेतु जानकारी दी गई एवं अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु करने को कहा गया।



♦ **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, होलागढ़, जनपद – इलाहाबाद (किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक)**





- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होलागढ़ में किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक स्थापित है। प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा ज्ञात हुआ की भ्रमण दिनांक में श्री जितिन मिश्रा, अर्श काउन्सलर अस्वस्थ होने के कारण अवकाश पर है। अर्श काउन्सलर द्वारा ससमय रिर्पोटिंग की जाती है। क्लीनिक का समय प्रातः 08:00 से 12:00 बजे तक का बताया गया।
- प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कि किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक में परामर्शदाता द्वारा उपचारात्मक एवं परामर्श सेवाऐं प्रदान की जा रही है।
- क्लीनिक में प्रपत्र एवं आवश्यक दवायें जैसे आई0एफ0ए, एलबेंडाजोल, सेनेटरी नैपकिन्स, समान्य दवायें जैसे पैरासीटामॉल, डाइसाइक्लोमीन आदि व गर्भ निरोधक आदि उपलब्ध थे। क्लीनिक में आई0ई0सी0 सामग्री लगी पायी गयी।
- अभिलेख जैसे आउटरीच रजिस्टर प्रिंटिड नही पाया गया।



## ♦ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कौड़िहार, जनपद – इलाहाबाद (किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक)




- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होलागढ़ में किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक स्थापित है। क्लीनिक में श्री आशीष, अर्श काउन्सलर तैनात पाया गया। अर्श काउन्सलर द्वारा ससमय रिर्पोटिंग की जाती है। क्लीनिक का समय प्रातः 09:00 से 04:00 बजे तक का बताया गया।
- पिछले 3 माह में काउंसलर द्वारा 17 आउटरीच सत्रों किये गये एवं 551 किशोर और 489 किशोरियों को पंजीकृत हुये एवं 448 किशोर और 406 किशोरियों को परामर्श दिया गया।
- भ्रमण दल द्वारा तीन किशोर/किशोरी से हुई वार्ता के क्रम जानकारी प्राप्त हुई कि उनकी समस्या के निवारण हेतु परामर्श से वह सन्तुष्ट है।
- क्लीनिक में प्रपत्र एवं आवश्यक दवायें जैसे आई0एफ0ए, एलबेंडाजोल, सेनेटरी नैपकिन्स, समान्य दवायें जैसे पैरासीटामॉल, डाइसाइक्लोमीन आदि व गर्भ निरोधक आदि उपलब्ध थे। क्लीनिक में आई0ई0सी0 सामग्री लगी पायी गयी।
- अभिलेख जैसे सर्विस डिलीवरी रजिस्टर, आउटरीच रजिस्टर आदि प्रिंटिड नही पाया गया।




Saurabh 11/08/17
(सौरभ तिवारी)
परामर्शदाता

(मो0 फिरोज)
कार्यक्रम समन्वयक